FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

## सराहनीय कार्य दिनाँक 27-05-2023 जनपद फिरोजाबाद।

## श्रीमान जिलाधिकारी महोदय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा गैंगस्टर/ भू-माफियाओं के विरुद्ध लगातार की जा रही है ताबड़तोड़ कार्यवाही मे थाना शिकोहाबाद पुलिस द्वारा गैंग लीडर मनीष यादव की 48 लाख 23 हजार 6 रुपये की चल-अचल सम्पत्ति की गयी कुर्क।

- **जनपद के गैंगस्टर मनीष यादव पुत्र शंकर सिंह यादव नि0 मोहल्ला खेडा थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद की 48 लाँख 23 हजार 6 रूपये 65 पैसे (02 मकान) की चल- अचल संपत्ति की गई कुर्क।**
- **अभियुक्त मनीष यादव पुत्र शंकर सिंह यादव नि0 उपरोक्त पर दर्ज हैं 01 दर्जन अभियोग।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में थाना शिकोहाबाद पर पंजीकृत मु0अ0सं0 359/2021 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में गैंग लीडर मनीष यादव पुत्र शंकर सिंह यादव नि0 मोहल्ला खेडा थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद की चल –अचल सम्पत्ति 48 लाँख 23 हजार 6 रूपये 65 पैसे ( 02 मकान) की चल-अचल सम्पत्ति श्रीमान जिलाधिकारी महोदय के आदेश दिनांक 10.04.2023 वाद संख्या 370/2023 कम्प्यूटरीकृत वाद संख्या-D202301260000370 के क्रम में चल- अचल सम्पत्ति को नियमानुसार उपजिलाधिकारी महोदय शिकोहाबाद फिरोजाबाद, क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद फिरोजाबाद के नेतृत्व में थाना शिकोहाबाद पुलिस द्वारा चल-अचल सम्पत्ति को कुर्क किया गया तथा सम्पत्ति को कुर्क करने के पश्चात सर्व साधारण को लाउडस्पीकर के माध्यम से कुर्क की गयी सम्पत्ति के बारे में अवगत कराते हुये बताया गया कि निम्न सम्पत्ति की किसी भी व्यक्ति द्वारा खरीद-फरोख्त न की जाये।

### कुर्क की गयी चल-अचल सम्पत्ति का विवरण –

- **48 लाँख 23 हजार 6 रूपये 65 पैसे**
- **02 मकान**

## ➢ अभियुक्त मनीष यादव पुत्र शंकर सिंह यादव नि0 मोहल्ला खेडा थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद आपराधिक इतिहासः-

1. अ0स0 649/20 धारा 386 भादवि थाना शिकोहाबाद।
2. अ0स0 828/20 धारा 307 भादवि , पु0मु0 थाना शिकोहाबाद।
3. अ0स0 829/20 धारा 399/402/411 भादवि थाना शिकोहाबाद।
4. अ0स0 830/20 धारा 10/15 दस्यू प्रभावित क्षेत्र अधि0 थाना शिकोहाबाद।
5. अ0स0 831/20 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना शिकोहाबाद।
6. अ0स0 325/09 धारा 342/504/506 भादवि थाना शिकोहाबाद।
7. अ0स0 343/05 धारा 323/504 भादवि थाना शिकोहाबाद।
8. अ0स0 359/21 धारा 2/3 गैगस्टर एक्ट थाना शिकोहाबाद।

## ➢ कुर्की करने वाले पुलिस एवं प्रशासन की टीम ...

1. श्री देवेन्द्र सिंह क्षेत्राधिकारी महोदय शिकोहाबाद ।
2. श्री हर्ष वर्धन तहसीलदार महोदय शिकोहाबाद।
3. प्रभारी निरीक्षक श्री हरवेन्द्र मिश्रा थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद।
4. व0उ0नि0 तेजवीर सिंह थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद।
5. उ0नि0 अनिल कुमार चोकी प्रभारी खेडा मोहल्ला थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद।